दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 103 मुरादाबाद, 01 August 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

# ज्ञानवापी मामले पर सीएम योगी का बड़ा बयान, बोले- मस्जिद के अंदर त्रिशूल क्या कर रहा था?

## सीएम योगी ने पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को दी सौगात, खातों में भेजे 51 करोड़




पीएम आवास योजना के तहत गोरखपुर में 43600 आवास स्वीकृत हैं। इसमें से 35500 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इसमें 8400 आवास चार माह पूर्व ही स्वीकृत हुए हैं। इन सभी को प्रथम किश्त जारी कर दी गई है और निर्माण कार्य कराया जा रहा है।गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रस्तावित एक समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 8450 लाभार्थियों को 51 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित किए।

वह 250 लाभार्थियों को 50 हजार रुपये की दर से प्रथम किश्त (कुल 1.25 करोड़), 2200 लाभार्थियों को 1.50 लाख रुपये की दर से दूसरी किश्त (कुल 33 करोड़) और 3350 लाभार्थियों को 50 हजार रुपये की दर से तीसरी किश्त (कुल 16.75 करोड़) की धनराशि सिंगल क्लिक से लाभार्थियों के बैंक खातों में अंतरित किए।उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार हर किसी का पक्का मकान के सपनों को पूरा कर रही है। इसी संकल्प के साथ यूपी सरकार आगे बढ़ रही है। यूपी के भ्रष्टाचार नहीं पनपेगा। अगर कोई रुपया मांगे तो मुझसे शिकायत करें। आपको कोई परेशानी नहीं होगी। पीएम आवास योजना के तहत गोरखपुर में 43600 आवास स्वीकृत हैं। इसमें से 35500 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इसमें 8400 आवास चार माह पूर्व ही स्वीकृत हुए हैं। इन सभी को प्रथम किश्त जारी कर दी गई है और निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जुलाई माह में जिले में 5522 आवास और स्वीकृत किए गए हैं। योजना के पोर्टल पर इनके अटैचमेंट का कार्य चल रहा है।

मुख्यमंत्री योगी एएनआई के पॉडकास्ट में ज्ञानवापी को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में बड़ा बयान दिया है। मस्जिद के अंदर त्रिशूल क्या कर रहा था।

मस्जिद कहेंगे तो विवाद होगा। दीवारें चिल्ला-चिल्लाकर क्या कह रही हैं। ज्ञानवापी मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा बयान दिया है। सीएम योगी ने कहा कि मस्जिद के अंदर त्रिशूल क्या कर रहा था। मस्जिद कहेंगे तो फिर विवाद होगा। मुझे लगता है कि भगवान ने जिसको दृष्टि दी है वो देखे ना त्रिशूल मस्जिद के अंदर क्या कर रहा है, हमने तो नहीं रखा है ना।

ज्योर्तिलिंग है देव प्रतिमाएं हैं। दीवारें चिल्ला-चिल्लाकर क्या कह रही हैं।सीएम योगी ने कहा कि मुझे लगता है कि ये प्रस्ताव मुस्लिम समाज की तरफ से आना चाहिए कि ऐतिहासिक गलती हुई है और उस गलती के लिए हम चाहते हैं समाधान हो। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी एएनआई के पॉडकास्ट में अपनी बात रख रहे थे। इस दौरान ज्ञानवापी को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने बड़ा बयान दिया। इस दौरान एक और अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश संविधान से चलेगा, मत और मजहब से नहीं। देखिए मैं ईश्वर का भक्त हूं, लेकिन किसी पाखंड में विश्वास नहीं करता हूं। आपका मत, आपका मजहब, अपने तरीके से होगा, अपने घर में होगा। अपनी मस्जिद, अपने इबादतगाह तक होगा। सड़क पर प्रदर्शन करने के लिए नहीं और इसको आप जो है किसी भी अन्य तरीके से दूसरे पर थोप नहीं सकते। नेशन फर्स्ट। अगर देश में किसी को रहना है तो राष्ट्र को सर्वोपरि मानना है, अपने मत और मजहब को नहीं। वहीं, ज्ञानवापी को लेकर सीएम योगी के बयान का संत समाज ने स्वागत किया है। अखिल भारतीय संत समिति महामंत्री स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती कहा कि ज्ञानवापी का संघर्ष लंबा हो चला है, मुस्लिम समाज को पहल करने की जरूरत है।

# हरियाणा के मेवात में भगवा यात्रा पर पत्थरबाजी, पांच गाड़ियों को भी फूंका; कई लोग घायल



हरियाणा के मेवात में ब्रज मंडल यात्रा पर समुदाय विशेष के लोगों ने पथराव कर दिया जिससे कई लोग घायल हो गए। इस दौरान लोगों के द्वारा कई गाड़ियों में आग भी लगा दी गई। यह घटना उस दौरान हुई जब गुरुग्राम से भी सैकड़ों गाड़ियों में सवार विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता भगवान शिव का जलाभिषेक करने नल हड शिव मंदिर नूह में गए हुए थे। हरियाणा के मेवात में ब्रज मंडल यात्रा पर समुदाय विशेष के लोगों ने पथराव कर दिया, जिससे कई लोग घायल हो गए।

लोगों ने झड़प के दौरान करीब पांच गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। विश्व हिंदू परिषद का कहना है कि यात्रा पर अचानक हमला किया गया।खास बात है कि हर साल की तरह इस साल भी बृज मंडल जलाभिषेक यात्रा निकाली गई है। यात्रा में गुरुग्राम से भी सैकड़ों गाड़ियों में सवार विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता भगवान शिव का जलाभिषेक करने नल हड शिव मंदिर नूह में गए हुए थे।यात्रा जैसे ही शिव मंदिर नल हड पहुंच रही थी। उसी दौरान समुदाय विशेष से जुड़े शरारती तत्वों ने यात्रा पर पथराव शुरू कर दिया और करीब पांच गाड़ियों में भी आगजनी और तोड़फोड़ की है। हालांकि, पुलिस अभी तक इस मामले को लेकर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है, लेकिन कहीं ना कहीं इलाके में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। इस हादसे में कितने लोग घायल हुए हैं, इसकी जानकारी नहीं है। अभी नूह बाईपास पर जबरजस्त पथराव है, गाड़ियों में तोड़फोड़ और आगजनी हो रही है। नलहड़ रोड और खेड़ा मोड़ के बीच बजरंग दल के कार्यकर्ता फसे हुए हैं, पुलिस गायब है और मौके पर स्तिथि तनावपूर्ण है।

# 'हम दखल नहीं देंगे अगर...', महिलाओं के साथ दरिंदगी मामले में बोले CJI; सुनवाई आज



सुनवाई के दौरान पीड़ित महिलाओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि वह मामले को असम स्थानांतरित करने के खिलाफ हैं। वहीं, सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केस को असम स्थानांतरित करने का हमने कभी अनुरोध नहीं किया।मणिपुर में दो महिलाओं के साथ दरिंदगी से देश को शर्मसार करने वाले मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। बता दें, शीर्ष अदालत दो महिलाओं पर भीड़ द्वारा किए गए हमले से संबंधित मामले की सुनवाई को स्थानांतरित करने के केंद्र सरकार के अनुरोध पर विचार कर रहा है। उसने इस दौरान कड़े शब्दों में कहा कि घटना को यह कहकर उचित नहीं ठहरा सकते कि ऐसा और भी कहीं हुआ है। फिलहाल, सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई कल दोपहर 2 बजे के लिए स्थगित कर दी है। शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान पीड़ित महिलाओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि महिलाएं मामले की सीबीआई जांच और मामले को असम स्थानांतरित करने के खिलाफ हैं। सिब्बल ने आगे कहा कि पीड़ित महिलाओं में से एक के पिता और भाई की हत्या कर दी गई थी। उनके अभी तक शव नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि 18 मई को जीरो एफआईआर दर्ज की गई। जब कोर्ट ने संज्ञान लिया, तब कुछ हुआ। तो फिर हम क्या भरोसा रखें? उन्होंने कहा कि ऐसी कई घटनाएं होंगी। इसलिए हम एक ऐसी एजेंसी चाहते हैं जो मामले की जांच करने के लिए स्वतंत्र हो। सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मुकदमे को असम स्थानांतरित करने का हमने कभी अनुरोध नहीं किया। हमारी मांग यह है कि इस मामले को मणिपुर से बाहर स्थानांतरित किया जाए। महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस घटना का तो वीडियो सामने आया है, लेकिन यह एकमात्र घटना नहीं है जहां महिलाओं के साथ मारपीट या उत्पीड़न हुई है, अन्य महिलाएं भी हैं। उन्होंने कहा कि हमें महिलाओं के खिलाफ हिंसा के व्यापक मुद्दे को देखने के लिए एक तंत्र भी बनाना होगा। इस तंत्र को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसे सभी मामलों का ध्यान रखा जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह दोनों पक्षों को संक्षेप में सुनेगा और फिर कार्रवाई के सही तरीके पर फैसला करेगा। कोर्ट ने कहा कि फिलहाल कोई साक्ष्यात्मक रिकॉर्ड पेश नहीं किए गए हैं। सीजेआई ने कहा कि पहले याचिकाकर्ताओं को सुनते हैं उसके बाद अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल को सुना जाएगा। कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि यह स्पष्ट है कि पुलिस उन लोगों के साथ मिलकर काम कर रही थी, जिन्होंने दोनों महिलाओं के खिलाफ हिंसा की और पुलिस ने इन महिलाओं को भीड़ के पास ले जाकर छोड़ दिया और भीड़ ने वही किया जो उन्होंने किया। वहीं, सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का कहना है कि अगर सुप्रीम कोर्ट मामले की निगरानी करेगा तो केंद्र को कोई आपत्ति नहीं है। सुनवाई के दौरान सीजेआई चंद्रचूड़ ने पूछा कि तीन मई को जब मणिपुर में हिंसा शुरू हुई थी, उसके बाद ऐसी कितनी एफआईआर दर्ज की गई हैं। इस पर वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने बताया कि केंद्र की स्टेटस रिपोर्ट के मुताबिक, 595 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें से कितने यौन हिंसा, कितने आगजनी और हत्या से संबंधित हैं, इस पर कोई स्पष्टता नहीं है। उच्चाधिकार प्राप्त समिति हो गठित- जयसिंह ने आगे कहा कि जहां तक कानून का सवाल है, दुष्कर्म की पीड़िताएं इस बारे में बात नहीं करतीं। वे सामने नहीं आतीं। इसलिए सबसे पहले आत्मविश्वास पैदा करना जरूरी है। आज हमें नहीं पता कि अगर सीबीआई जांच शुरू कर दे तो महिलाएं सामने आ जाएंगी। उन्होंने कहा कि पुलिस की बजाय महिलाओं से घटना के बारे में बात करने में पीड़ित महिलाओं के लिए सहूलियत होगी। एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति होनी चाहिए, जिसमें नागरिक समाज की महिलाएं हों, जिनके पास इससे निपटने का अनुभव हो यह लोग हों शामिल- उन्होंने आगे कहा कि उच्चाधिकार प्राप्त समिति (हाई पावर कमेटी) में सैयदा हमीद, उमा चक्रवर्ती, रोशनी गोस्वामी आदि शामिल हो सकते हैं, ये सभी समुदाय में इस मुद्दे से जुड़े हैं। उन्हें एक रिपोर्ट बनाने दीजिए और इसे इस अदालत में लाने दीजिए। वहीं, ग्रोवर ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि राहत शिविरों की क्या स्थिति है, इस पर एक स्वतंत्र, निष्पक्ष रिपोर्ट आने दीजिए। कुकी पक्ष ने सीबीआई जांच का किया

# सावन के चौथे सोमवार पर काशी का कण-कण शिवमय, बाबा विश्वनाथ के भागीरथी श्रृंगार के दर्शन



सावन के चौथे और पुरुषोत्तम मास के दूसरे सोमवार पर गंगा घाट से बाबा के धाम तक आस्थावानों की ऐसी कतार उमड़ी है कि महादेव की नगरी शिवभक्तों से बम-बम हो उठी है। गोदौलिया क्षेत्र की सड़कें, गलियां सब महादेव की भक्ति में सराबोर है।सावन के चौथे और पुरुषोत्तम मास के दूसरे सोमवार पर काशी का कण-कण शिवमय हो उठा। गोदौलिया क्षेत्र की सड़कें, गलियां सब महादेव की भक्ति में सराबोर है। उमस भरी गर्मी के बेच भक्तों की टोलियां कतारबद्ध होकर भोले के दर्शन के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रही है। पूरे मंदिर परिसर को फूल और पत्तियों से सजाया गया है। कांवड़ियों के लिए बैरिकेडिंग में रेड कार्पेट बिछाई गई है।कैथी मार्कंडेय महादेव, बीएचयू विश्वनाथ, गौरी केदारेश्वर समेत जिले के अन्य शिवालयों में भी बाबा भक्तों की भीड़ उमड़ी है। गंगा घाट से बाबा के धाम तक आस्थावानों की ऐसी कतार उमड़ी है कि महादेव की नगरी शिवभक्तों से बम-बम हो उठी। स्वर्ण शिखर वाले स्वर्णमंडित गर्भगृह में विराजमान बाबा विश्वनाथ भक्तों को झांकी दर्शन दे रहे हैं। बाबा का आज भागीरथी श्रृंगार होगा।मंगला आरती के बाद से शुरू हुआ दर्शन-पूजन का सिलसिला अनवरत जारी है। गंगा घाट से गोदौलिया चौक तक पैर रखने की जगह नहीं है। मंदिर प्रशासन से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, सुबह 10 बजे तक करीब दो लाख भक्त मंदिर में मत्था टेक चुके हैं। बाबा के दरबार में सावन के हर सोमवार को भक्तों की रिकॉर्ड संख्या औसतन पांच से छह लाख पहुंच रही है। जबकि प्रतिदिन औसतन 1.5 लाख श्रद्धालु महादेव के दर्शन कर रहे हैं।

## ललिता घाट से प्रवेश बंद

सोमवार की भोर में मंगला आरती की तैयारियां शुरू हुईं तो कतारबद्ध कांवड़ियों की हलचल भी बढ़ गई। बीती रात से ही कतार में लगे श्रद्धालु चैतन्य हो उठे और हर-हर महादेव... के जयकारे से काशी की गलियां गूंज उठीं। धाम को जाने वाले रास्ते से लेकर गंगा के तट तक भक्तों की कतार लगी हुई थी। गोदौलिया से गेट नंबर चार, दशाश्वमेध से ढुंढिराज बांसफाटक, चौक से गेट नंबर चार तक की बैरिकेडिंग में श्रद्धालु और कांवड़िये हाथ में जल, फूल-माला और प्रसाद लेकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। मंगला आरती के बाद भोर में 3—45 बजे आम दर्शनार्थियों के लिए स्वर्णमंडित गर्भगृह के कपाट खुले तो चारों द्वार से भक्तों का दर्शन अभिषेक शुरू हो गया। भक्तों की एक कतार चितरंजन पार्क तो दूसरी ओर गेट नंबर चार से चौक के आगे तक लगी रही। गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण ललिता घाट से प्रवेश बंद रहा।

## संपादकीय Editorial

# CBI probe into Chirharan

Manipur has been burning for the last 87-88 days. There is silence in the market, houses, houses, streets. Meanwhile, the destructions that have been done, a lot of 'ashes' have been done by arson, their charred remains are the evidence. In their respective areas, students and women are also engaged in patrolling by taking guns and lighting torches respectively. The sound of the boots of the army and security forces is heard, or at some places, explosions of bullets and grenades are heard. Manipur is still turbulent and tense after almost three months.

Can't believe there were no deaths after 17th July! However, the decision of the Central Government to conduct a CBI inquiry is a step in the right direction. Stripping of two women, parading them naked, gang-raping a 21-year-old girl, video of the incident going viral, nationwide anger and angry remarks by the Chief Justice of the country, Justice Chandrachud, are widespread developments, which need to be delved into. The Government of India has sought permission from the Supreme Court to conduct the entire trial of the Chirharan case in Assam, instead of Manipur. In the current situation, it is futile to expect a fair and transparent investigation from the Manipur administration.

The people of Manipur have lost faith in the state government itself. Disillusionment is over.

In such a situation, CBI inquiry was the only option, but that too should be time bound, because CBI inquiry gets prolonged. The CBI will also investigate the viral video, its camera and the makers of the video. An FIR has been registered and some arrests have also been made.

The reality in Manipur is that around 65,000 people have been displaced and more than 50,000 rendered homeless. Around 3000 people have been injured, while the death toll has reached 165. There have been around 5000 violent incidents in the state. About 24,000 people have taken shelter in relief camps. While women have given birth to 32 babies and still many pregnant women are inside the camps. Police have arrested 12,740 people as a precautionary measure and 252 suspicious faces have been identified. 124 companies of army and security forces are deployed and on guard in Manipur. Looking at these figures, the image of a war emerges in the mind. How will CBI investigate so many incidents of violence and killings in caste conflicts? Or will it be limited to the Chirharan incident only? There have been more than 5100 incidents of arson in Manipur. This is the result of tension and conflict between Meitei vs Kuki, Naga communities, but Manipur is surrounded by neighboring countries like Myanmar, Nepal, Bhutan, Bangladesh and China. Citizens of Myanmar can enter Manipur anytime for 72 hours.

No Visa. The borders are open. The Government of India must have taken such a decision too! Records of whether Myanmar nationals return are incomplete. Myanmar's most powerful drug and arms syndicate is active in Manipur only. Opium cultivation and modern, automatic weapons smuggling bases and their activities are known to both the state and the central government, but all are ostriches. Even today 40 militant groups are present in Manipur, this is also known by the governments. Manipur's crisis is not just ethnic conflict, it is multidimensional. Of course there should have been a comprehensive discussion on this issue in the Parliament. Government of India will have to take strict action.

# The biggest crisis of Indian nationalism and history in the mirror of Manipur

Around 155 people have died in the ongoing violence in Manipur. Around 60,000 people have been rendered homeless. There have been more than 5000 incidents of arson. Police stations have been looted across the state. Thousands of weapons and lakhs of cartridges have reached the hands of the struggling communities. A video of brutality with women in Manipur, which has been reeling under caste violence for almost three months, shocked the whole nation. Among the women who were paraded naked, one is the wife of a soldier who fought in Kargil. The Chief Minister of Manipur said that there have been hundreds of such incidents. Around 155 people have died in the ongoing violence in Manipur. Around 60,000 people have been rendered homeless. There have been more than 5000 incidents of arson. Police stations have been looted across the state. Thousands of weapons and millions of cartridges have reached the hands of the fighting communities. Now the flames of this fire have started reaching Mizoram. Even after such a sensitive situation, many people are questioning the attitude of the central and state governments. The Prime Minister broke his silence when that horrifying video went viral, but after that efforts started to cover up the Manipur issue with crimes against women in all the states. Unfortunately, it appears that there is no "middle ground" left in Manipur. Different communities are becoming more and more radical in their stand. Civil society has disappeared and political parties have lost the moral authority necessary for negotiation and settlement between the two conflicting communities. Meanwhile, Rahul Gandhi's visit to Manipur was very important. His visit can be seen as an attempt to heal the wounds of the afflicted communities. India is a continent. It has within itself the feelings of local identity at the geographical, linguistic, cultural and political levels from the northeast to the far south. These feelings can be related to the identity, dialect, language, religion or culture of a community. They express themselves in their own way. Sometimes by forming an organization, sometimes through separate flags or sometimes by getting a safe, fair share in power and properties. These identities together add up to the All India identity. It is from these identities, from these expressions or to say that from all these local sub-nationalities, an all-India nationalism is formed. It is the job of the nation of India to bring all these local nationalities under the big umbrella of Indian nationalism and to assure them that we are all united as one. This is a delicate task. It should have foresight, generosity, deep understanding and the ability to chart a bigger future. This cannot be done casually. It can be fatal to do it from the point of view of electoral gain or economic gain only. There is a need to understand from what point of view political ideologies see different Indian identities. If political parties or governments run these Indian identities, born in an intense social process of thousands of years, as a means, a tool, a 'tool' for electoral gains, then the results will be like Manipur. For electoral gain and power, BJP-RSS have always tried to show the ocean of Indian nationalism in a narrow way. The truth is that looking at our country of great diversity, India, where culture, tradition and various ethnic communities are intermingled with each other, from the RSS's 'Hindu-non-Hindu' perspective will result in other identities being treated the same way. Will start trying it in a simplified way. The BJP apparently failed to provide a sense of security and belonging to the local identities and sub-nationalities present within the country and this has had a far-reaching impact on every community in Indian society. The biggest thing is that due to this changed role of the BJP-led central government, narrow and aggressive nationalism, all the small ethnic, cultural, religious identities were forced to become more fanatic about their respective identities and started preparing themselves for any untoward incident. . The current situation in Manipur shows that any political campaign launched against any particular class/religion/community for the sake of electoral interest ends up as Bhasmasur, because gradually this narrow perspective becomes your thinking. The federal structure of India has been under constant attack for the last few years. State sponsored divisions and attacks are being carried out on the basis of religion, language and culture. Manipur is the first victim of the onslaught on India's federal structure. Significantly, Vande Mataram and Jana Gana Mana were composed in Eastern India itself. Renaissance started from Eastern India. Eastern India became the main center of our national movement. The eastern India from which Indian nationalism had emerged, today it is being challenged in the same eastern India. Indian nationalism today is indeed facing the biggest crisis in its history.

# Disturbing fact, the number of missing girls and women is telling that Indian society is tolerant towards them.

After Delhi's Nirbhaya incident, laws related to women's safety were tightened, but can it be said that the situation has improved? There is no significant decrease in crimes against women. They are becoming victims of sex offenders like never before. The cases of molestation, kidnapping and rape are not taking the name of stopping. At a time when everyone is raising concerns about women's safety, it is disturbing to note that between 2019 and 2021, in just three years, More than 1.3 million girls and women have gone missing. A significant number of girls who go missing are also minor girls. This means that the matter of women's safety is very serious. There is no reason to believe that the situation will improve after 2021, as reports of girls and women going missing or being abducted or abducted remain a regular feature. Since the data of missing girls and women was compiled by the National Crime Records Bureau and the same was presented in the Parliament recently, there is no justification to doubt it. Women? This is the question, which will have to be answered by the policy-makers as well as the society, because this is not a matter for which only the governments should be made to stand in the dock and the duty is done. Society is also responsible in the case of missing girls and women. He has to look inside himself and ask himself why is this happening? It cannot be ignored that in many parts of the country, the ratio of boys and girls has not yet been balanced, because the process of female feticide continues. This trend continues even after tightening the laws. Laws related to the safety of women were tightened after Delhi's Nirbhaya incident that shook the nation, but can it be said that the situation has improved? There is no significant decrease in crimes against women. They are becoming victims of sex offenders like never before. The cases of molestation, kidnapping and rape are not taking the name of stopping. The cases of domestic violence are also not decreasing. Only those people of our society are responsible for this situation, who are not able to give up their dirty mentality towards girls and women. As long as the society is not sensitive towards women, no matter how strict the laws are made to protect them and save them from sexual crimes, it is not going to work. The reputation of any society is made by how conscious and sensitive it is towards the respect of women. The large number of missing girls and women only shows that the Indian society is lenient towards them.

The political class will also have to come forward and inevitably the society will also have to come forward to remove this indulgence.This means that the matter of women's safety is very serious. There is no reason to believe that the situation will improve after 2021, as reports of girls and women going missing or being abducted or abducted remain a regular feature. Since the data of missing girls and women was compiled by the National Crime Records Bureau and the same was presented in the Parliament recently, there is no justification to doubt it. Women? This is the question, which will have to be answered by the policy-makers as well as the society, because this is not a matter for which only the governments should be made to stand in the dock and the duty is done. Society is also responsible in the case of missing girls and women. He has to look inside himself and ask himself why is this happening? It cannot be ignored that in many parts of the country, the ratio of boys and girls has not yet been balanced, because the process of female feticide continues. This trend continues even after tightening the laws. Laws related to the safety of women were tightened after Delhi's Nirbhaya incident that shook the nation, but can it be said that the situation has improved? There is no significant decrease in crimes against women. They are becoming victims of sex offenders like never before. The cases of molestation, kidnapping and rape are not taking the name of stopping. The cases of domestic violence are also not decreasing. Only those people of our society are responsible for this situation, who are not able to give up their dirty mentality towards girls and women. As long as the society is not sensitive towards women, no matter how strict the laws are made to protect them and save them from sexual crimes, it is not going to work. The reputation of any society is made by how conscious and sensitive it is towards the respect of women. The large number of missing girls and women only shows that the Indian society is lenient towards them. The political class will also have to come forward and inevitably the society will also have to come forward to remove this indulgence.he cases of molestation, kidnapping and rape are not taking the name of stopping. The cases of domestic violence are also not decreasing. Only those people of our society are responsible for this situation, who are not able to give up their dirty mentality towards girls and women. As long as the society is not sensitive towards women, no matter how strict the laws are made to protect them and save them from sexual crimes, it is not going to work. The reputation of any society is made by how conscious and sensitive it is towards the respect of women. The large number of missing girls and women only shows that the Indian society is lenient towards them. The political class will also have to come forward and inevitably the society will also have to come forward to remove this indulgence.This means that the matter of women's safety is very serious.

# बाइक सवार से 20 हजार छीनकर भागे लुटेरे, दो धरे गए...जानिए फिर क्या हुआ?




मुरादाबाद-लुटेरों में से एक अचानक बाइक के आगे आकर गिर गया। जिसकी वजह से बाइक सवार ने ब्रेक लगा दिए। बाइक रुकते ही नशेड़ी ने बाइक सवार की जेब में रखे 20 हजार रुपये छीने और भाग गया। थाना सिविल लाइंस इलाके में लुटेरों ने एक बाइक सवार से 20 हजार छीन लिए। पीड़ित के शोर मचाने पर मौके पर जमा भीड़ ने पीछा कर दो लूटेरों को भागते हुए पकड़ लिया।

बाकी दो लूटेरे भागने में कामयाब हो गए। जानकारी के अनुसार, रामपुर के सैफनी थाना क्षेत्र में जटपुरा गांव के रहने वाले छोटे पैसे लेकर कांठ रोड स्थित अस्पताल में जा रहे थे।

छोटे के शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों ने दौड़कर दो आरोपियों को धर दबोचा। जबकि इनके दो साथी मौके से भाग निकले। पकड़े गए दो आरोपियों ने पास में एक मैदान में घास से 7000 रुपये निकालकर दिए हैं। बाकी 13000 रुपये मौके से भागे आरोपी ले गए। पुलिस ने लुटेरों से बरामद सात हज़ार रुपए इलाज की बात सुनकर पीड़ित को बिना किसी कार्यवाही के सौंप दिए। वहीं पीड़ित का आरोप है कि थाना सिविल लाइंस पुलिस ने उन्हें ही नशेड़ी बताकर भगा दिया। पीड़ित का कहना है कि वह पैसे ब्याज पर उधार लेकर आया है और उसे इलाज कराने के लिए पैसों की बहुत सख्त जरूरत है। उसने पुलिस से गुहार लगाई है कि उसके बाकी के 13 हज़ार रुपए भी पकड़े गए बदमाशों से वापस दिला दिए जाए।

# तड़पती अनीता का आयुष्मान कार्ड पर उपचार से अस्पताल ने खींच लिया था हाथ, अब जिलाधिकारी करेंगे जांच

मुरादाबाद-जिलाधिकारी के कहने पर भी एशियन विवेकानंद हॉस्पिटल ने नहीं किया इलाज एशियन विवेकानंद हॉस्पिटल में अनुदान पर उपचार का सच बहुत डरावना है। गरीब वर्ग के रोगियों के साथ वहां का व्यवहार चर्चा में है। ताजा उदाहरण अनीता भटनागर का सामने आया है। जिला अस्पताल के चिकित्सकों की सलाह पर बेटे और पति ने अनीता को विवेकानंद हॉस्पिटल में 28 मार्च को भर्ती कराया था। पांच घंटे तक उनका इलाज ही नहीं शुरू हुआ और पल्स घटकर 20-22 रह गई थी। अनीता की हालत बिगड़ती देख बेटे और पिता ने डॉक्टरों के सामने हाथ भी जोड़े लेकिन, जिम्मेदारों को दया नहीं आई। हॉस्पिटल की मनमर्जी तब जारी रही जब जिलाधिकारी, सीडीओ व एडीएम प्रशासन ने हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. हरजीत सिंह को अनीता का निशुल्क इलाज करने के निर्देश दिए थे। अस्पताल से निराश होकर बेटे ने मां को उसी दिन यहां से लेकर जाकर ब्राइट स्टार हॉस्पिटल भर्ती कराया था, जहां छह दिन इलाज चला। हालत सामान्य होने पर डॉक्टरों ने अनीता को घर भेज दिया था। इस समय आयुष्मान कार्ड के खर्चे पर अनीता की डायलिसिस ब्राइट स्टार हॉस्पिटल से ही चल रही है। मरीज के इलाज में विवेकानंद हॉस्पिटल की तरफ से बरती की गई लापरवाही के विरुद्ध गूंज सेवा संस्थान के अध्यक्ष सचिन गौतम मोर्चा खोल दिया है। अब आयुक्त के निर्देश पर अपर निदेशक (एडी) चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण दिनेश कुमार ने प्रकरण की जांच की और विवेकानंद हॉस्पिटल पर लगा आरोप सत्य पाया। लेकिन, एडी ने हॉस्पिटल के प्रबंधक को सिर्फ चेतावनी जारी कर पूरे घटनाक्रम को ठंडे बस्ते में डाल दिया। सचिन गौतम 27 जुलाई को मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह से मिले और एडी चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की जांच रिपोर्ट और कार्रवाई के संबंध में अपना पक्ष रखा है। अब आयुक्त ने अब प्रकरण की जांच और कार्रवाई करने के निर्देश डीएम को जारी कर दिए हैं।

## एडी ने भविष्य की चिंता कर प्रबंधक को चेताया

अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण दिनेश ने 22 जुलाई को एशियन विवेकानंद हॉस्पिटल के प्रबंधक को चेतावनी जारी की थी। पत्र में लिखा है कि सचिन गौतम के 27 मार्च के पत्र पर सीडीओ-एडीएम प्रशासन से अनीता भटनागर के उपचार के लिए निर्देशित किया था। लेकिन, अनीता का अस्पताल में इलाज नहीं हुआ जो कि उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना है। यदि अनीता भटनागर का ट्रस्ट के माध्यम से निशुल्क उपचार नहीं कर सकते थे तो समय रहते उच्चाधिकारियों को सूचित करना चाहिए था। आपके द्वारा चैरिटी में दी जाने वाली छूट या निशुल्क सुविधाओं को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना चाहिए था। जिससे आने वाले रोगियों को किसी भी प्रकार की भ्रांति न हो।

## अब जिलाधिकारी करेंगे जांच

अपर आयुक्त प्रथम बृजेश कुमार ने 27 जुलाई को लिखे पत्र में डीएम को निर्देश दिए हैं कि प्रकरण की जांच कराकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जानकारी दें। पत्र में अपर आयुक्त प्रथम ने ये भी कहा है कि अनीता भटनागर के मामले में अपर निदेशक चिकित्सा एवं परिवार कल्याण ने जांच की थी। इनकी जांच रिपोर्ट को आवेदक ने दोषपूर्ण बताया है।

## निर्धन है अनीता का परिवार

अनीता व उनके पति राजीव भटनागर रामगंगा विहार फेज-दो में मकान नंबर-चार में किराये पर रहते हैं। इनकी आर्थिक हालत खराब है। राजीव अपनी बीमारी के कारण कई माह से काम पर नहीं जा पा रहे हैं। एक बेटा है, जिसे संभल में शुगर फैक्ट्री ने नौकरी हटा दिया था। जांच के दौरान एशियन विवेकानंद हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया है कि अनीता भटनागर के जरूरत वाले इलाज में शुल्क जमा होना था, जिसे उन्होंने जमा नहीं किया था। इसलिए उनका इलाज संभव नहीं हो सका। हमने हॉस्पिटल के प्रबंधक को चेताया है कि आपके यहां इलाज में जिस सेवा का जो भी शुल्क तय है, उसका प्रदर्शन करें, ताकि रोगी या तीमारदारों को पता तो चले। - दिनेश कुमार, अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

# शिवसेना कार्यकर्ताओं ने बिजली दर बढ़ाने के विरोध में किया प्रदर्शन




मुरादाबाद- शिव सेना कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी की और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एएसीएम को सौंपा।जिसमें मांग की कि पावर कारपोरेशन द्वारा 28 पैसे से 1.09 रुपये तक प्रति यूनिट ईंधन अधिभार के रुप में बढ़ाए जाने वाले प्रस्ताव को तत्काल वापस लिया जाए। हालांकि दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर ही यूपी में भी लोगों को फ्री में बिजली दी जाए। सोमवार को शिवसेना प्रमुख डा. रामेश्वर दयाल तुरैहा के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट में एकत्र हुए और नारेबाजी की।इसके बाद कार्यकर्ता डीएम कार्यालय पहुंचे। यहां पर कार्यकर्ताओं ने एएसीएम को ज्ञापन सौंपा। जिला प्रमुख ने कहा कि ईंधन अधिभार बढ़ाने से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। सरकार इस प्रस्ताव को वापस ले और पंजाब व दिल्ली की तरह ही यूपी में भी घरेलू उपभोक्ताओं को फ्री में बिजली देने का काम किया जाए। उन्होंने कहा अगर सरकार ने शिव सेना कार्यकर्ताओं की मांग नहीं मानी,तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर महानगर प्रमुख गुड्डू सैनी, जिला अध्यक्ष भवानी सेना ठाकुर मंजू राठौर, युवा जिला प्रमुख मनोज ठाकुर, युवा महानगर प्रमुख राकेश प्रजापति, जिला उप प्रमुख बाबा कुशल सिंह, जिला प्रवक्ता मोहर सिंह, जिला सचिव विजय सेठ, बबिता सैनी, सौरव सैनी, शीला सैनी, राजेंद्र कश्यप आदि मौजूद रहे।

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

# चिन्हित ब्लैक स्पॉटों में कमी लाकर सड़क दुघर्टनाओं को रोकने के दिए निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन द्वारा वर्तमान मे सड़क दुर्घटनाओ तथा ब्लैक स्पॉटो के सम्बन्ध मे जानकारी दी तथा बैठक में दुर्घटनाओं की संख्या, दुर्घटना के फलस्वरुप मृतकों की संख्या एवं घायलों की संख्या पर विचार विमर्श किया गया। सड़क दुघर्टनाओं के तुलनात्मक विवरण के अनुसार दुघर्टनाओं मृतकों एवं घायलों की संख्या में वृद्धि होने पर मण्डलायुक्त ने दुघर्टनाओं में किस प्रकार कमी लाई जाये, इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु उन्होंने एन0एच0ए0आई0 को रोड पर दोनों तरफ रिफलेक्टर एवं स्पीड टेवल लगाने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने कहा कि सुगम आवागमन हेतु बिना नम्बर प्लेट अथवा जुगाड़ वाहन को जब्त करें तथा रजिस्टेऊशन के दौरान ही ई-रिक्शा का रुट निर्धारित करें। कमिश्नर ने निर्देशित किया कि कार्य योजना बनाकर दुर्घटनाओं की संख्या में हो रही वृद्धि पर



अंकुश लगाया जाए एवं दुर्घटनाओं व मृतकों की संख्या में कमी लाई जाए। इसके लिए ब्लैक स्पॉट्स पर विशेष ध्यान दिया जाए। पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह ब्लैक स्पॉट्स पर अल्पकालिक सुधारात्मक कार्यवाही के साथ- साथ दीर्घकालिक सुधारात्मक कार्यवाही संपादित करना सुनिश्चित करें।

मण्डलायुक्त ने कहा कि एनएचएआई एवं ट्रैफिक पुलिस समन्वय के साथ कार्य करे। उन्होंने निर्देशित किया कि सड़कों पर सुरक्षात्मक संबंधी सभी उपाये करें। मण्डल में परिवहन /शिक्षा विभाग द्वारा बनाये गये सड़क सुरक्षा क्लबों के माध्यम से स्कूली छात्रों एवं उनके अभिभावकों के मध्य सड़क जागरुकता कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में आयुक्त ने ए0डी0बेसिक को स्कूलों में सड़क सुरक्षा क्लबों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

बैठक में सार्वजनिक सेवायान तथा सोलेशियम स्कीम के अर्न्तगत सभी प्रकरणों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। अज्ञात वाहनों द्वारा की गयी सड़क दुघर्टना में मृत/घायल व्यक्तियों के आश्रितों को हिट एण्ड रन योजना के अर्न्तगत मामलों का निस्तारण कर धनराशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि प्रवर्तन की कार्यवाही चलती रहें इसको सुनिश्चित किया जाये। बैठक में परिवहन विभाग ने बताया कि मण्डल में परिवहन विभाग द्वारा प्रवर्तन की कार्यवाही के दौरान 410 ड्राईविंग लाईसेंस निलंबन किए गये हैं। पुलिस विभाग द्वारा मण्डल में 77478 चालान जिनमें 70726 हेलमेट तथा 6742 सीट बेल्ट के चालान काटे गये हैं। बैठक में डी0आई0जी0 पुलिस मुनिराज, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, सचिव मुरादाबाद विकास प्राधिकरण अंजु लता, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, एसपी टैअफिक सुभाष गंगवार, आर0टी0ओ0 मुरादाबाद आर0के0 सिंह, ए0आर0टी0ओ0 अमरोहा महेश कुमार शर्मा, ए0आर0टी0ओ0 बिजनौर गौरीशंकर ठाकुर, आर0टी0ओ0 रामपुर आर0के0 श्रीवास्तव, एलडीएम विशाल दीक्षित, अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, टैअफिक इंस्पेक्टर, कपिल रस्तोगी, ट्रान्सपोर्टर सहित अन्य विभागों के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हरिद्वार व बृजघाट से जल भरकर लाए शिवभक्तों ने मंदिरों में किया जलाभिषेक



मुरादाबाद-सावन के चौथे सोमवार को महादेव के जयकारों से गूंजा महानगर, शिवालयों में तड़के से शिवलिंग पर जल चढ़ाने को लगी रही भक्तों की लाइन चौरासी घंटा मंदिर, ढाप वाले मंदिर, मनोकामना मंदिर, आशियाना के शिवशक्ति मंदिर, हरथला शिवमंदिर में भक्तों ने की पूजा अर्चनासावन के चौथे सोमवार पर शिवभक्तों ने हरिद्वार व बृजघाट से जल भरकर शिवालयों में जलाभिषेक किया। महानगर में चारों ओर हर हर महादेव का जयघोष गूंजता रहा। कांवड़िए बड़ी संख्या में हरिद्वार और बृजघाट से गंगा जल लेकर महानगर पहुंचे। शिव भक्तों की भोर की पहली किरण के साथ ही मंदिरों में जलाभिषेक के लिए लाइन लगनी शुरु हो गई। बोल बम, जय जय शिवशंकर का जयघोष करते हुए कांवड़ियों के जत्थे मंदिरों में पहुंचे। दूसरी ओर महानगर के चौरासी घंटा मंदिर, ढाप वाला मंदिर, शिवशक्ति मंदिर, हरथला शिवमंदिर सहित अन्य मंदिरों में पहुंचकर शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की।वहीं अन्य भोले के भक्तों ने भी फूल, बेलपत्र, फल आदि चढ़ाकर अपने आराध्य देव से मनोकामना पूरी करने की मनुहार कर सुख समृद्धि और लोक कल्याण की कामना की। साथ ही भोले के नाम पर व्रत रखा।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# मौसम बदलते ही आंखों की बीमारी शुरू, सावधानी बरतने की सलाह







रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- इन दिनों आंखों का संक्रमण कंजेक्टिवाइटिस बहुत तेजी से फैल रहा है इससे खुद को बचाने के लिए और लोगों को संक्रमित होने से बचाने के लिए सावधानी और सतर्क रहने की जरूरत है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.एस.सिंह जी के निर्देशन व नोडल अधिकारी डॉक्टर तेरस कंवर के मार्गदशन में नेत्र सहायक अधिकारी श्री अमित चौरसिया व मारुति नंदन चक्रधारी जी के द्वारा ज़िले में स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम नवापारा सूरजपुर व आर.एच.एस मॉर्डन स्कूल लांची में विशेष शिविर आयोजित कर सभी बच्चो का आई चेकअप किया गया। अभी काफी मात्रा में कंजेक्टिवाइटिस के मरीज इलाज कराने आ चुके हैं। स्कूल में बच्चों को जानकारी देते हुए, उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति कई लोगों को संक्रमित कर सकता है। इस वजह से संक्रमित होने वाले बच्चे, बड़े सभी को भीड़ भाड़ वाले इलाके में जाने से बचाना चाहिए। लक्षण दिखाई पड़ते ही तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। अपने आप को आइसोलेट करें। बच्चे जब तक पूरी तरह से ठीक न हो जाएं तब तक स्कूल न जाएं। संक्रमित बच्चे और बड़े सभी काला चश्मा का प्रयोग करें। इसके लक्षण और कारण - कंजेक्टिवाइटिस आंखों का एक संक्रमण है, जिसे आमतौर पर इसे पिंक आई के नाम से भी जाना जाता है। यह वायरस जनित संक्रामक रोग है। प्रमुख रूप से आंखों का लाल होना, जलन खुजली और आंखों से लगातार आंसू निकलना, पीला स्त्राव बहना, पलके आपस में चिपक जाना, पलक में सूजन होना आदि इसके प्रमुख लक्षण हैं।

# 41 वर्ष की सेवा पश्चात प्रधान पाठक सुनील सिंह हुए सेवानिवृत



रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर ने दी बधाई और उज्जवल भविष्य की कामना की गंगापुर पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक श्री सुनील कुमार सिंह के सेवानिवृत होने पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, श्री सुनिल कुमार सिंह 41 साल की सेवा के बाद आज सेवानिवृत हुए हैं। उन्होंने माध्यमिक शाला लहपटरा, लखनपुर, बिशुनपुर और अंबिकापुर के साथ दूसरे स्कूल में अपनी सेवाएं दी है। वर्ष 2009 में प्रधानपाठक के पद पर माध्यमिक शाला अनुजनगर में पदस्थ थे। वर्ष 2012 से संकुल प्रभारी अनुजनगर एवं वर्तमान में संकुल प्राचार्य गंगापुर सूरजपुर में सेवारत थे। श्री सुनील कुमार सिंह को जिला स्तरीय स्वच्छता पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। इसके साथ ही उन्हें जिला स्तरीय अन्य पुरस्कारों से भी पूर्व में नवाजा गया था।

# गोकशी की दो घटनाओं में वांछित 25000 रुपए का इनामिया अभियुक्त शातिर गौ तस्कर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार




निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -जनपदीय पुलिस को मिली बड़ी सफलता, थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत हुई गोकशी की दो घटनाओं में वांछित 25000 रुपए का इनामिया अभियुक्त शातिर गौ तस्कर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार। आज दिनांक 30.07.2023 को समय करीब 21.25 बजे थाना कोतवाली देहात तथा इंटेलिजेंस विंग टीम को किशनपुर अंडरपास के पास मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान एक काले रंग की एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल ( बिना नम्बर की ) पर गंजडुंडवारा रोड की तरफ से आते हुए दो व्यक्तियों को पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो बाइक सवारों द्वारा भागने का प्रयास करते हुए पुलिस टीम के ऊपर फायरिंग शुरु कर दी, जिसपर पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ फायरिंग में 25,000 रुपए का इनामिया अभियुक्त जैद उर्फ राहुल उर्फ बिल्ली पुत्र गटुआ उर्फ फरियाद खां निवासी नदरई थाना कासगंज जनपद कासगंज उम्र करीब 25 वर्ष घायल हो गया जिसे समय करीब 21.30 बजे गिरफ्तार किया गया है तथा एक बदमाश शमशेर पुत्र अलीशेर निवासी नदरई थाना कासगंज जनपद कासगंज अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है। अभियुक्त की जामातलाशी तथा मौके से 01 अवैध देशी तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस ( नाल में फंसा हुआ ), 01 खोखा कारतूस 315 बोर मौके से, 04 जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक मोटर साइकिल बरामद हुई हैं। प्रारंभिक पूछताछ में अभियुक्त द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ जनपद में दिनांक 01/02.05.2023 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत ग्राम पवास तथा दिनांक 02/03.05.2023 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लखमीपुर में गोकशी की दो घटनाओं को कारित किया जाना स्वीकार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के संबंध में संबंधित जनपदों से जानकारी की जा रही है तथा फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। प्रकरण में फील्ड यूनिट टीम द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता जैद उर्फ राहुल उर्फ बिल्ली पुत्र गटुआ उर्फ फरियाद खां निवासी नदरई थाना कासगंज जनपद कासगंज उम्र करीब 25 वर्ष फरार अभियुक्त का नाम 1.शमशेर पुत्र अलीशेर निवासी नदरई थाना कासगंज जनपद कासगंज

# कांवड़ियों को सड़क पर उतरकर शुद्ध देशी घी से निर्मित भोजन कराया



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -एटा में पुलिस की दिखी मानवता, सीओ जलेसर और एसएचओ जलेसर ने कांवड़ियों को सड़क पर उतरकर शुद्ध देशी घी से निर्मित भोजन कराया, और आम लोगों को अपने हाथों से भोजन बांटा, कांवड़िए जय भोले के लगाते रहे नारे, जलेसर सीओ राघवेंद्र राठौर के नेतृत्व में जलेसर एसएचओ जगदीश सिंह ने भोजन केंप लगाकर की जन सेवा, जलेसर सीओ राघवेंद्र राठौर के नेतृत्व में आगरा चौराहा स्थित पुलिस चौकी पर कराया गया कावड़ यात्रियों को भोजन, इस अवसर पर जलेसर क्राइम इंस्पेक्टर विष्णु शर्मा, एस आई चंद्र शेखर त्रिपाठी, एस आई राहुल बाल्यान, कमल सिंह,प्रेमप्रकाश सहित भारी संख्या में पुलिस कर्मियों ने शुद्ध देसी घी से निर्मित भोजन प्रसाद किया वितरण, थाना जलेसर क्षेत्र के आगरा चौराहा पर स्थित पुलिस चौकी पर भंडारा जनसेवा करने का मामला

# टूटने की कगार पर एक खड़े परिवार को समझा कर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में महिला थाना कैंपस नारी उत्थान केंद्र संचालित परिवार परामर्श केंद्र में आज दिनांक 30/7/23 को आपसी मतभेद के कारण टूटने की कगार पर एक खड़े परिवार को समझा कर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया गया वादी श्रीमती उषा देवी पत्नी सत्य प्रकाश कुमार निवासी सेथंरा थाना कोतवाली देहात जिला एटा प्रतिवादी सत्य प्रकाश पुत्र गोविंद निवासी ग्राम सेथंरा थाना कोतवाली देहात जिला एटा आज आपसी मतभेद के कारण परिवार परामर्श केंद्र में पत्रावली प्रचलित थी

